HEAD OFFICE

UTTARAKHAND POLLUTION CONTROL BOARD
Gauradevi Parayavaran Bhawan
46-B, SIDCUL, IT Park, Sahashtradhara Road
DEHRADUN

उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
गौरादेवी पर्यावरण भवन
46–बी, सिडकुल, आई.टी. पार्क, सहस्त्रधारा रोड़,
देहरादून

Web: www.ueppcb.uk.gov.in

**उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड** की 28 वीं बैठक दिनांक 31.01.2022 को मुख्यालय, **उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, गौरादेवी पर्यावरण भवन,** में **अध्यक्ष, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,** की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। बैठक में निम्न सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया :-

1. श्री आनन्द बर्द्धन, अध्यक्ष, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड।
2. श्री एस0 पी0 सुबुद्धि, सदस्य सचिव, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड।
3. श्री बृजेश कुमार, उपाध्यक्ष, मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण।
4. श्री विनोद कुमार सुमन, सचिव, शहरी विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
5. श्री अभिषेक रूहेला, नगर आयुक्त, नगर निगम, देहरादून।
6. श्री सुधीर गर्ग, उप-परिवहन आयुक्त, परिवहन विभाग, उत्तराखण्ड।
7. श्री सुशील भट्ट, सिडकुल, देहरादून।
8. श्री रवि पाण्डेय, अधीक्षण अभियंता, शहरी विकास विभाग, उत्तराखण्ड।
9. श्री श्याम मोहन, अधिशासी अभियंता, एम0डी0डी0ए0, देहरादून।
10. डा0 अविनाश खन्ना, मुख्य नगर अधिकारी (स्वास्थ्य), नगर निगम, देहरादून।
11. श्री अक्षय कुमार, पर्यावरण विशेषज्ञ, एस0पी0एम0जी0, देहरादून।

**बैठक में विडियो क्रान्फ्रेसिंग के माध्यम से उपस्थित सदस्य**

12. श्री दीपक मल्लिक, महाप्रबंधक, गंगा पेयजल निगम, हरिद्वार।
13. श्री विकास जिंदल, अध्यक्ष, के0जी0सी0सी0आई0, काशीपुर।

**अध्यक्ष, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड** एवं सभी मान्य सदस्यों का स्वागत करते हुये **अध्यक्ष महोदय** की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई। बोर्ड बैठक में प्रस्तावित कार्य सूची के बिन्दुओं पर विचार विमर्श कर सर्वसम्मत से निम्नलिखित निर्णय लिये गये :-

| | | |
|---|---|---|
| कार्य सूची सं0 28.1 | **बोर्ड की 27वीं बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन एवं उक्त बैठक में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या से बोर्ड सदस्यों को अवगत कराये जाने के सम्बन्ध में।** | उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की 27 वीं बैठक के कार्यवृत्त की अनुपालन के सम्बन्ध में मा0 सदस्यों को अवगत कराया गया। बैठक में सर्वसम्मति से 27वीं बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन दिया गया। |
| कार्य सूची सं0 28.2 | **राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा ई-वाहनों के खरीद पर प्रोत्साहन राशि दिये जाने के सम्बन्ध में।** | उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा ई-वाहनों के खरीद पर प्रोत्साहन राशि दिये जाने के सम्बन्ध में मा0 सदस्यों द्वारा कायोत्तर स्वीकृति प्रदान की गयी। |

| | | |
|---|---|---|
| कार्य सूची सं0 28.3 | **राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा होटल उद्योग को सहमति शुल्क में शिथिलता दिये जाने के सम्बन्ध में।** | उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा हरित एवं नारंगी श्रेणी के होटल उद्योगों को सहमति शुल्क में वर्ष 2021-22 के सहमति नवीनीकरण शुल्क में शतप्रतिशत की शिथिलता प्रदान की गयी है। प्रस्ताव को बोर्ड के मा0 सदस्यों के सम्मुख प्रस्तुत किया गया। प्रस्ताव पर मा0 सदस्यों द्वारा कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई। |
| कार्य सूची सं0 28.4 | **राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा विभिन्न औद्योगिक प्रक्रियाओं के वर्गीकरण निर्धारण किये जाने के सम्बन्ध में।** | उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के द्वारा विभिन्न औद्योगिक प्रक्रिया के वर्गीकरण निर्धारण किये जाने के सम्बन्ध में गठित समिति के द्वारा 14 औद्योगिक प्रक्रियाओं का वर्गीकरण किया गया तथा अध्यक्ष, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुमोदन के उपरान्त विभिन्न औद्योगिक प्रक्रियाओं के वर्गीकरण को ओ0सी0एम0एम0एस0 पोर्टल में विकल्प के रूप में उपलब्ध करा दिया गया है। मा0 सदस्यों द्वारा उक्त की स्वीकृति प्रदान की गयी। |
| कार्य सूची सं0 28.5 | **राज्य स्तरीय/जनपद स्तरीय पर्यावरणीय प्रबंधन कार्ययोजना हेतु जी0बी0पंत, नेशनल इस्ट्टीयूट आफ हिमालय पर्यावरणीय संस्थान, कोसी कटारमल्ल को परियोजना अग्रेत्तर बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में।** | मा0 राष्ट्रीय हरित अभिकरण के मूल आवेदन सं0 360/2018 के प्रकरण पर दिनांक 16. 09.2019 को निर्गत निर्देश के क्रम में उत्तराखण्ड राज्य हेतु राज्य जनपद एवं राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रबंधन कार्ययोजना तैयार किये जाने हेतु जी0बी0पंत, नेशनल इस्ट्टीयूट आफ हिमालय पर्यावरण संस्थान, कोसी कटारमल्ल को कार्य आवंटित किया गया था। जी0बी0पंत, नेशनल इस्ट्टीयूट आफ हिमालय पर्यावरण संस्थान, कोसी कटारमल्ल के अनुरोध पर कार्य की अवधि अग्रेत्तर छः माह एवं अतिरिक्त धनराशि रू0 10,62,880/- का अनुरोध किया गया है। अध्यक्ष, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुमोदन के क्रम में परियोजना की अवधि अग्रेत्तर छः माह बढ़ा दिया गया है तथा अतिरिक्त धनराशि रू0 10,62,880/- का भी अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया है। प्रस्ताव को बोर्ड के मा0 सदस्यों के सम्मुख प्रस्तुत किया गया। समयक विचारोपरान्त मा0 सदस्यों द्वारा प्रस्ताव पर कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गयी। |

| | | |
|---|---|---|
| कार्य सूची सं0 28.6 | **वर्ष 2021 में राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा तैयार की गयी संकलित रिपोर्ट बोर्ड के मा0 सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के सम्बन्ध में।** | वर्ष 2021 में राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा तैयार की गयी निम्न रिपोर्टो को मा0 सदस्यों द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट की सराहना की गयी तथा प्रत्येक वर्ष उक्तानुसार रिपोर्ट तैयार करने हेतु निर्देश दिया गया।<br>1. वार्षिक रिपोर्ट-2020-21<br>2. Assessment of Biomedical waste generation in Uttarakhand.<br>3. हरिद्वार माह कुम्भ 2021 जल एवं परिवेशीय वायु अनुश्रवण कार्यक्रम।<br>4- Water Quality Bulletin Uttarakhand 2019-2020<br>5- Water Quality Bulletin Uttarakhand 2020-2021<br>मा0 सदस्यों के अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया। |
| कार्य सूची सं0 28.7 | **राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मुख्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में प्रयोगशाला के स्थापना की प्रगति के सम्बन्ध में।** | उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को एन0एम0सी0जी0 द्वारा वित्त पोषित परियोजना के अन्तर्गत प्रयोगशालाओं के स्थापना के सम्बन्ध में प्रगति आख्या बोर्ड के मा0 सदस्यों के अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के द्वारा प्रख्यापित अधिसूचना में जल/वायु/मृदा के विश्लेषण की दरें निर्धारित की गयी हैं। उक्त अधिनियम में निर्धारित दरों को राज्य प्रदूषण नियंत्रण में अंगीकृत किये जाने का प्रस्ताव भी बोर्ड के मा0 सदस्यों के सम्मुख प्रस्तुत किया गया। समयक विचारोपरान्त मा0 सदस्यों द्वारा प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गयी। |
| कार्य सूची सं0 28.8 | **उत्तराखण्ड सरकारी सेवक पदोन्नति के लिए अहकारी सेवा में शिथिलीकरण नियमावली-2021(संशोधन नियमावली-2021) के सम्बन्ध में।** | उत्तराखण्ड सरकार कार्मिक एवं सर्तक अनुभाग-2 सं0 385/xxx(2)/2021-3(6)/2012 दिनांक 09.11.2021 द्वारा उत्तराखण्ड सरकारी सेवक पदोन्नति के लिए अर्हकारी सेवा में शिथिलीकरण नियमावली-2021(संशोधन नियमावली-2021) को राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में अंगीकृत किये जाने का प्रस्ताव मा0 सदस्यों के सम्मुख प्रस्तुत किया गया। समयक विचारोपरान्त मा0 सदस्यों द्वारा प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गयी। |

| | | |
|---|---|---|
| कार्य सूची सं0 28.9 | **राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में कार्यरत संविदा/आउटसोर्स एजेंसी एवं वायु गुणवत्ता अनुश्रवण केन्द्रों में कार्यरत कार्मिकों के वेतन में बढ़ोत्तरी के सम्बन्ध में।** | उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में कार्यरत संविदा/आउटसोर्स एजेंसी एवं राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता अनुश्रवण केन्द्रों में कार्यरत कार्मिकों के वेतन में बढ़ोत्तरी किये जाने का प्रस्ताव बोर्ड के मा0 सदस्यों के सम्मुख प्रस्तुत किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता अनुश्रवण कार्यक्रम केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा वित्त पोषित है उन्हे मिलने वाला मानदेय भी वहीं से निर्धारित होता है। उपनल के माध्यम से कार्यरत कार्मिकों का वेतन भी उपनल के द्वारा निर्धारित किया जाता है। अतः उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के स्तर से उक्त कार्मिकों का मानदेय बढ़ाया जाना तर्क संगत नहीं होगा। बैठक में मा0 सदस्यों द्वारा सुझाव दिया की प्रकरण को केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को सर्न्दभित किया जाय। |
| कार्य सूची सं0 28.10 | **बोर्ड में नियमित कार्मिकों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति अनुमोदन प्राप्त किये जाने के सम्बन्ध में।** | बोर्ड में कार्यरत कार्मिक श्री गोपाल दत्त उप्रेती, चपरासी द्वारा रू0 1,27,939/- (रूपया एक लाख सताईस हजार नौ सौ उन्चालीस मात्र) का चिकित्सा प्रतिपूर्ति ब्यय बीजक मा0 सदस्यों के सम्मुख प्रस्तुत किया गया। समयक विचारोपरान्त मा0 सदस्यों द्वारा प्रस्ताव स्वीकृति प्रदान की गयी। |

अन्त में सभी मान्य सदस्यों के धन्यावाद के उपरान्त बैठक समाप्त की गयी।

उपरोक्त कार्यवृत्त अध्यक्ष, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुमोदन के उपरान्त निर्गत किया जा रहा है।

Approved.
18/01/22

(एस0 पी0 सुबुद्धि)
सदस्य सचिव

---

**यूकेपीसीबी/एच.ओ./सा0-06(28वीं बोर्ड बैठक)/2022/** **दिनांक**

**प्रतिलिपि :- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अग्रेत्तर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. श्री आनन्द बर्द्धन, अध्यक्ष, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को उनसे प्राप्त अनुमोदन के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।
2. श्री एस0 पी0 सुबुद्धि, सदस्य सचिव, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड।
3. श्री बृजेश कुमार, उपाध्यक्ष, मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण।
4. श्री विनोद कुमार सुमन, सचिव, शहरी विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन।

5. श्री अभिषेक रूहेला, नगर आयुक्त, नगर निगम, देहरादून।
6. श्री सुधीर गर्ग, उप-परिवहन आयुक्त, परिवहन विभाग, उत्तराखण्ड।
7. श्री सुशील भट्ट, सिडकुल, देहरादून।
8. श्री रवि पाण्डेय, अधीक्षण अभियंता, शहरी विकास विभाग, उत्तराखण्ड।
9. श्री श्याम मोहन, अधिशासी अभियंता, एम0डी0डी0ए0, देहरादून।
10. डा0 अविनाश खन्ना, मुख्य नगर अधिकारी (स्वास्थ्य), नगर निगम, देहरादून।
11. श्री अक्षय कुमार, पर्यावरण विशेषज्ञ, एस0पी0एम0जी0, देहरादून।
12. श्री दीपक मल्लिक, महाप्रबंधक, गंगा पेयजल निगम, हरिद्वार।
13. श्री विकास जिंदल, अध्यक्ष, के0जी0सी0सी0आई0, काशीपुर।

सदस्य सचिव